# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई

(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ईमेल: crpd@sbi.co.in)


# संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति

**विज्ञापन संख्या: CRPD/SCO/2022-23/21**

**आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 28.10.2022 से 18.11.2022 तक**

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति करने हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.
उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट पर दिए गए **https://bank.sbi/careers** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले शुल्क जमा करवा दिया गया हो.
2. **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले, वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा किया गया हो.**
3. **उम्मीदवारों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि) ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य उम्मीदवारों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.**
4. चयनित सूची दस्तावेज़ों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगी. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी.
5. **यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी.**
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची शामिल है). आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई–मेल द्वारा भेजी जाएगी **(कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
7. यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
8. **इस कार्यालय को** कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें.
9. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) केवल बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किए जाएंगे.**

**क. पद संबंधी विवरण/तुलनीय ग्रेड/स्केल/नियोजन की प्रकृति/रिक्त पद/आयु/चयन प्रक्रिया/पदस्थापन का स्थान:**

| क्र.सं. | पद | तुलनीय ग्रेड/ स्केल | नियोजन की प्रकृति | रिक्त पद | | | | | | | अधिकतम आयु (01.07.2022@ को) | चयन प्रक्रिया | तैनाती का स्थान* (सुझाया गया) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अ.जा. | अ.ज.जा | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य/अनारक्षित | कुल | पीडब्ल्यूडी (वीआई)# | | | |
| 1 | **सहायक वाइस प्रेसिडेंट (विपणन संप्रेषण)** | एमएमजीएस–III | संविदात्मक | -- | -- | -- | -- | 2 | 2 | 1 | 35 वर्ष | शार्ट–लिस्टिंग, साक्षात्कार और सीटीसी निगोसिएशन | मुंबई |
| 2 | **वरिष्ठ कार्यपालक (डिजिटल मार्केटिंग)** | एमएमजीएस-II | | -- | -- | -- | - | 1 | 1 | -- | 30 वर्ष | | |
| 3 | **वरिष्ठ कार्यपालक (कॉरपोरेट संचार)** | एमएमजीएस-II | | -- | -- | -- | - | 1 | 1 | -- | 30 वर्ष | | |

(#पीडब्ल्यूडी (VI) के लिए रिक्ति क्षैतिज है और ये मूल श्रेणी की रिक्तियों में शामिल हैं). (*तैनाती का स्थान केवल सांकेतिक है, चयनित उम्मीदवारों को बैंक के विवेक पर भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है.)

(@पद क्रमांक 1 के लिए :– 01.07.2022 को 35 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात उम्मीदवारों का जन्म 02.07.1987 (दोनों दिन सम्मिलित) से पहले नहीं होना चाहिए और पद क्रमांक 2 और 3 के लिए :– 01.07.2022 को 30 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात् उम्मीदवारों का जन्म 02.07.1992 (दोनों दिन सम्मिलित) से पहले नहीं होना चाहिए.

**संक्षेपाक्षर: एमएमजीएस** – मध्यम प्रबंधन श्रेणी वेतनमान; **रिक्त पद श्रेणी: अ.जा.** – अनुसूचित जाति; **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस:** आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग; **जनरल:** सामान्य/अनारक्षित; **पीडब्ल्यूडी** – शारीरिक रूप से दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई** – दृष्टि बाधित.

**नोट:**

1. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्त–पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
2. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए दर्शाई गई है. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी.
3. ऐसे मामलों में जहां किसी विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता होती है, नियोक्ता से प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से यह दर्ज होना चाहिए कि उम्मीदवार को उस विशिष्ट क्षेत्र में आवश्यकतानुसार अनुभव है.
4. दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवार के लिए आरक्षण समस्तर है और सम्पूर्ण रिक्त–पदों (की संख्या) के अंदर है.
5. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
6. आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, **बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.**
7. ऐसे मामले में जहां शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र पूर्ण प्रतिशत की दृष्टि से (अर्थात प्रतिशत के अलावा अन्य मामलों में) के साथ–साथ विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्राप्त अंकों को निर्दिष्ट नहीं करता है, उम्मीदवार को प्रतिशत समतुल्य में संपरिवर्तित अंकों और साथ ही अर्जित विशेषज्ञता का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान /कॉलेज से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. उम्मीदवार, यदि पात्र हैं, तो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं.
9. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

**ख. शैक्षणिक योग्यता/अनुभव/कार्य की रूपरेखा और केआरए संबंधी विवरण:**

| **योग्यताएं (01.07.2022 तक)** | **अनुभव (01.07.2022 तक)** | **कार्य की रूपरेखा** | **केआरए** |
|---|---|---|---|
| **पद : क्र. सं. 1. सहायक वाइस प्रेसिडेंट (विपणन संप्रेषण)** | | | |
| **मूलभूत:** सरकारी निकायों/ एआईसीटीई/ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित संस्थानों से मार्केटिंग में विशेषज्ञता के साथ पूर्णकालिक एमबीए/ पीजीडीएम/ पीजीडीबीएम (विपणन) या इसके समकक्ष.<br>**न्यूनतम अंक** – एमबीए/ पीजीडीएम/ पीजीडीबीएम में 60%. पत्राचार/ अंशकालिक के माध्यम से पूर्ण किए गए पाठ्यक्रम पात्र नहीं होंगे.<br>**अन्य:** –एमएस ऑफिस, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विश्लेषणात्मक एमआईएस टूल का ज्ञान<br>– विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों अर्थात् ब्रांड और मीडिया/डिजिटल आदि पर विपणन में अतिरिक्त प्रमाणन को प्राथमिकता दी जाएगी. | – बीएफएसआई क्षेत्र / कॉरपोरेट्स, मीडिया और विज्ञापन / डिजिटल एजेंसी में विपणन (बिक्री को छोड़कर) के क्षेत्र में योग्यता के पश्चात् न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव.<br>– 5 वर्षों में से, एटीएल और/ या बीटीएल (डिजिटल सहित) में रचनात्मक संचार के डिजाइन को सुविधाजनक बनाने में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव. | 1) विभिन्न जनसांख्यिकीय क्षेत्रों से उपभोक्ता अंतर्दृष्टि और भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की बारीकियों की अच्छी समझ, विशेष रूप से खुदरा बैंकिंग उत्पादों के संबंध में.<br>2) प्रभावी और उत्कृष्ट रचनात्मक समाधानों और अभियानों में विकास के लिए सम्मोहक / पैनी दृष्टि के संक्षिप्त विवरण तैयार करने में प्रवीणता<br>3) मीडिया जगत में ब्रांड उत्पाद विपणन संचार को लागू करने का अनुभव.<br>4) कैंपेन रिपोर्ट आदि का संकलन और विश्लेषण<br>5) उत्कृष्ट पारस्परिक क्षमताएं. | 1) उत्पाद टीम के साथ अग्रिम पंक्ति के संप्रेषण/ संचार का नेतृत्व करना और व्यावसायिक समस्या या अवसर के आधार पर प्रासंगिक अभियान युक्तियां प्रदान करना.<br>2) व्यावसायिक उद्देश्यों के अनुरूप बैंक के उत्पादों और सेवाओं के लिए मार्केटिंग क्रिएटिव/अभियानों को डिजाइन और कार्यान्वित करने में हितधारकों के लिए प्रस्तुति करना, अभियान रिपोर्ट संकलित करना और उनका विश्लेषण करना.<br>3) एजेंसी भागीदारों (रचनात्मक और डिजिटल आदि) और अन्य संबंधित विक्रेताओं के साथ समन्वय करना ताकि वे परिभाषित विपणन बजट और समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता वाले आउटपुट प्रदान कर सकें.<br>4) नए लॉन्चों और अभियानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आंतरिक संप्रेषण संचालित करना.<br>5) रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य. |
| **पद : क्र. सं. 2. वरिष्ठ कार्यपालक (डिजिटल मार्केटिंग)** | | | |
| **मूलभूत:** सरकारी निकायों/ एआईसीटीई/ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित संस्थानों से मार्केटिंग में विशेषज्ञता के साथ पूर्णकालिक एमबीए/ पीजीडीएम / पीजीडीबीएम (विपणन) या इसके समकक्ष.<br>**न्यूनतम अंक** – एमबीए / पीजीडीएम / पीजीडीबीएम में 60%. किसी प्रतिष्ठित संस्थान से डिजिटल मार्केटिंग में प्रमाणन.<br>पत्राचार/ अंशकालिक माध्यम से पूर्ण किए गए पाठ्यक्रम पात्र नहीं होंगे.<br>**अन्य:** – एमएस ऑफिस, विश्लेषणात्मक एमआईएस टूल का ज्ञान<br>–विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों अर्थात् ब्रांड और मीडिया आदि पर विपणन में अतिरिक्त प्रमाणन को प्राथमिकता दी जाएगी. | क) बीएफएसआई क्षेत्र / कॉरपोरेट्स / मीडिया और विज्ञापन / डिजिटल एजेंसी में मार्केटिंग के क्षेत्र में योग्यता के पश्चात् न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव.<br>ख) इन 3 वर्षों में से 2 वर्ष का अनुभव खोज और प्रदर्शन, एसईओ, एसईएम और प्रोग्रामेटिक में विशिष्ट अनुभव के साथ डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके उत्पाद विपणन में होना चाहिए. प्रभावशाली विपणन, ईमेल, एसएमएस और एसएमएम के ज्ञान को वरीयता दी जाएगी.<br>ग) एटीएल और/या बीटीएल (डिजिटल में) में रचनात्मक संचार के डिजाइन को सुविधाजनक बनाने में कम से कम एक वर्ष का अनुभव (समग्र अनुभव के भीतर).<br>घ) उपरोक्त (ख) और (ग) में वर्णित अनुभव समवर्ती हो सकता है. | 1) अभियान के प्रदर्शन को इष्टतम बनाने के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए डिजिटल मार्केटिंग मापन उपकरणों और उनके उपयोग से सुपरिचित होना चाहिए.<br>2) डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में विकास के संबंध में नवीनतम ज्ञान.<br>3) नंबर क्रंचिंग के लिए अच्छे कौशल के साथ अत्यधिक डेटा उन्मुख.<br>4) अभियान रिपोर्ट आदि का संकलन और विश्लेषण<br>5) परिणाम उन्मुख आक्रामक उद्यमी दृष्टिकोण.<br>6) उत्कृष्ट पारस्परिक क्षमताएं. | 1) व्यावसायिक उद्देश्यों के अनुरूप बैंक के उत्पादों और सेवाओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग अभियान लागू करना और डिजिटल चैनलों में वितरण सुनिश्चित करना.<br>2) व्यावसायिक लक्ष्यों को समझने के लिए विभिन्न उत्पाद टीमों के विभिन्न हितधारकों के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य करना और डिजिटल मीडिया में सही लक्षित दर्शकों तक पहुंचने और व्यवसाय के विकास को चलाने के लिए कैंपेन केपीआई निर्धारित करना.<br>3) भावी अभियानों के लिए अभियान की सफलता और पहचान में सुधार को परिभाषित करने के लिए सभी डीएम पहलों के लिए केपीआई के समक्ष अभियान के प्रदर्शन पर दृष्टि रखना.<br>4) नियमित अंतराल पर रणनीतियों की निगरानी करना और उन पर दृष्टि रखना और समय–समय पर स्थिति, मूल्य निर्धारण और पदोन्नति आदि में उचित संशोधन का सुझाव देना.<br>5) उत्पादों और वेबपेज अनुकूलन के लिए फीडबैक साझा करने में सक्रिय रूप से शामिल होना. सुनिश्चित करना कि बैंक के स्वामित्व वाली सभी वेबसाइटों और डिजिटल पोर्टलों पर सही नवीनतम जानकारी और बैनर मौजूद हैं.<br>6) रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य. |

| पद : क्र. सं. 3. वरिष्ठ कार्यपालक (कॉरपोरेट संचार) | | | |
|---|---|---|---|
| **मूलभूत:** – सरकार निकायों/ एआईसीटीई/ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त/ अनुमोदित संस्थानों से पूर्णकालिक एमबीए/ पीजीडीएम/ पीजीडीबीएम (मार्केटिंग) या मार्केटिंग में विशेषज्ञता के साथ इसके समकक्ष/ जनसंचार (मास कम्युनिकेशन) में स्नातकोत्तर डिग्री.<br>**न्यूनतम अंक** – एमबीए/ पीजीडीएम/ पीजीडीबीएम पाठ्यक्रमों में 60% अंशकालिक/ पत्राचार के माध्यम से पूर्ण पात्र नहीं होंगे.<br>**अन्य:** – एमएस ऑफिस, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एनालिटिकल एमआईएस टूल के ज्ञान.<br>–जन संपर्क/ कॉर्पोरेट संवाद/ पत्रकारिता में अतिरिक्त प्रमाणन को प्राथमिकता दी जाएगी. | – किसी पीआर एजेंसी/–सेवा उद्योग में योग्यता के पश्चात् न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव. इन 3 वर्षों में से कम से कम 2 वर्ष पीआर में अवश्य होने चाहिए. | 1) पीआर / मार्केटिंग कथानक और लेखों का सृजन करने की क्षमता के साथ रचनात्मक मानसिकता.<br>2) मीडिया वर्ग के साथ ऑफलाइन और ऑनलाइन अच्छे तालमेल बिठाने के प्रबंधन से संबंधित सभी परिचालन पहलुओं का ज्ञान.<br>3) पत्रकारों / बैंक अधिकारियों / पदानुक्रम में अधिकारियों के साथ धैर्यपूर्वक बातचीत करने के लिए उत्कृष्ट अंतर–वैयक्तिक क्षमताएं.<br>4) संभावित स्थिति का अनुमान लगाने की क्षमता वाला स्मार्ट कार्यकर्ता जिसके लिए तत्काल सुचारू समाधान आवश्यक हो सकता है.<br>5) कैंपेन रिपोर्ट आदि का संकलन और विश्लेषण<br>6) उत्कृष्ट पारस्परिक क्षमताएं. | 1) बैंक और इसके विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के लिए पर्याप्त / वांछित प्रेस कवरेज प्राप्त करने के लिए वार्षिक कॉर्पोरेट संचार योजना तैयार करने और लागू करने में वर्टिकल प्रमुख की सहायता करना.<br>2) नए कथानक के विचारों के लिए पत्रकारों के साथ संपर्क करना, मीडिया कथानक के लिए प्रमुख शीर्ष–स्तरीय प्रबंधन के उद्धरणों के लिए समन्वय करना.<br>3) सभी मीडिया में दैनिक समाचार गतिविधियों को ट्रैक करना और वर्तमान और आगामी गतिविधियों के बारे में नियमित रूप से मीडिया को अपडेट करना.<br>4) रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य. |

टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य रूपरेखा/केआरए उदाहरण रूप में हैं. बैंक द्वारा उपर्युं पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य/केआरए के अलावा समय–समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं. उम्मीदवार, यदि पात्र हैं, तो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं.

## ग. सीटीसी/पारिश्रमिक और अनुबंध अवधि:

| सांकेतिक सीटीसी / वार्षिक परिलब्धियां (लगभग) | | सभी पदों के लिए अनुबंध अवधि: |
|---|---|---|
| पद : क्र.सं. 1. सहायक वाइस प्रेसिडेंट (विपणन संप्रेषण) अधिकतम रु.25 लाख सीटीसी प्रति वर्ष<br>पद : क्र.सं. 2. वरिष्ठ कार्यपालक (डिजिटल मार्केटिंग) अधिकतम रु.15 लाख सीटीसी प्रति वर्ष<br>पद : क्र.सं. 3. वरिष्ठ कार्यपालक (कॉरपोरेट संचार) अधिकतम रु.15 लाख सीटीसी प्रति वर्ष<br>(**सभी पदों के लिए:** नियत घटक 80% + कार्य–निष्पादन सम्बद्ध परिवर्ती घटक 20%)<br>दूसरे वर्ष से पिछले वर्ष की सीटीसी पर 10% प्रति वर्ष की वृद्धि. | **अन्य सुविधाएं: (सभी पदों के लिए)**<br>1) स्वयं, पति या पत्नी और दो आश्रित बच्चों के लिए प्रति वर्ष रु.0.30 लाख से अनधिक चिकित्सा बीमा प्रीमियम की प्रतिपूर्ति.<br>2) वास्तविक आधार पर मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति.<br>3) बैंक के मौजूदा प्रावधान के अनुसार बाह्य ड्यूटी पर यात्रा व्यय और विराम भत्ता. | मूल अनुबंध 3 वर्ष के लिए जिसे 2 वर्ष तक और बढ़ाया जा सकता है. |

## घ. चयन प्रक्रिया:

चयन शार्टलिस्टिंग, साक्षात्कार और सीटीसी वार्ता के आधार पर किया जाएगा.

**शार्टलिस्टिंग:** बैंक द्वारा गठित शार्टलिस्टिंग समिति शार्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शार्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

**साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा. न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा.

**मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों के एक समान निर्दिष्ट अंक पाने पर ऐसे उम्मीदवारों की रैंक उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में होगी.

## ड़. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

**साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

## च. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा–निर्देश:**

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड (कृपया 'दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत पैरा छ–य–vi के साथ पैरा छ–ब–ii. और पैरा छ–स–v देखें) नहीं कर देता/देती.

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे लें.** वे पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सहेजे गए आवेदन को फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरण संपादित कर सकते हैं, लेकिन **केवल तीन बार.** कृपया ध्यान दें कि सहेजी गई जानकारी को संपादित करने की यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. एक बार आवेदन पूरी तरह से भर जाने के बाद, उम्मीदवार को इसे प्रस्तुत करना चाहिए और शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए आगे बढ़ना चाहिए.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट लें.

**शुल्क के भुगतान के लिए दिशा–निर्देश:**

i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं हैं. ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के पश्चात् उम्मीदवार को वर्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं है. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

ii. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.

iii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. **इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

iv. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.

v. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख ले.

vi. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vii. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

viii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न** ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.

## छ. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त रेस्यूम (पीडीएफ)

ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)

iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)

iv. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

v. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

vi. अन्य (नवीनतम फॉर्म 16, वर्तमान वेतन पर्ची आदि)

(एकाधिक प्रमाण पत्र अपलोड करने के मामले में, कृपया 500 केबी के आकार तक सभी को एक पीडीएफ फाइल में स्कैन करें और अपलोड करें)

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची हुई रंगीन फोटो.

ii. **फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी और आयाम 200X230 पिक्सल तक होना चाहिए.**

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.

vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आई नहीं है.

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर **काली स्याही के पैन** से हस्ताक्षर करें.

ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.

iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.

iv. यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी.

v. **फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और आयाम 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.**

vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.

vii. अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में होना चाहिए.

ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.

**प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार (जारी.....)**

iii. फाइल का कुल आकार 500 केबी से अधिक का न हो. .

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा–निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.

ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.

iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है

vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम कराया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए गए हैं.

ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.

iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जीपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.

v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.

vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.

ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

**ज. सामान्य जानकारी:**

i. **पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.**

ii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारीता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

iii. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

iv. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो. यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी.

v. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल को सक्रिय रखें.

vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

vii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, वैसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है सहित, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

viii. जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xi. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xii. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा.

xiii. जहां भर्ती का तरीका किसी लिखित परीक्षा के बिना केवल साक्षात्कार है, केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होता है. उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संदर्भ में प्रारंभिक जांच/ शॉर्ट–लिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए केवल अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.

xiv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने की स्थिति में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/इन्टीमेशन शुल्क को ज़ब्त कर लिया जाएगा. साक्षात्कार में एक पद के लिए एक उम्मीदवार द्वारा एकाधिक उपस्थिति पूर्णत: अस्वीकृत कर दी जाएगी/उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. चयनित सूची के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को भारत में सबसे लघुतर मार्ग के लिए मूल टिकट की प्रति/ मूल टिकट के प्रस्तुतीकरण पर ट्रेन से यात्रा की लागत (केवल ए सी III टियर – मेल/ एक्सप्रेस किराया) या वास्तविक यात्रा के आधार पर वास्तविक खर्च (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी. उम्मीदवार के पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

xvii. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुध्द लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने को अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**

xviii. **बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.**

यदि कोई पूछताछ करनी हो, तो **"CONTACT US/Post Your Query"** इस लिंक पर हमें लिखें जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.
(यूआरएल: **https://bank.sbi/web/careers/Post-Your-Query**)

**मुंबई,**
**दिनांक: 28.10.2022**

**प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.**
**विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**महाप्रबंधक**